**आकाशवाणी गोरखपुर**
**प्रादेशिक समाचार**

दिनांक–02 जनवरी 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना और पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना को जारी रखने का लिया निर्णय। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जताया आभार। किसानों ने जतायी खुशी।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य सड़क सुरक्षा परिषद के अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक। दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के दिये निर्देश। कहा– छह से दस जनवरी तक स्कूलों–कॉलेजों में चलाये जायें जागरूकता कार्यक्रम।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने की नशाखोरी और जुए के खिलाफ जागरूक करने वाली वाराणसी की ग्रीन आर्मी की सराहना। देश को बताया प्रतिभाओं का पावर हाउस।
- महाकुंभ में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए रेलवे ने लिया त्रिकोणीय सेवा शुरू करने का निर्णय। इस सेवा के अन्तर्गत अयोध्या, वाराणसी और प्रयागराज को जोड़ने वाली ट्रेनों का होगा संचालन।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में कल हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना और पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना को जारी रखने का फैसला किया गया। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव के अनुसार इस मद में आवंटित राशि बढ़ा कर 69 हजार पांच सौ 15 करोड़ रुपये कर दी गई है। श्री वैष्णव ने बताया कि पिछले आठ वर्षों में किसानों को बीमा योजना के अन्तर्गत एक लाख 70 हजार करोड़ रुपये की राशि का भुगतान किया गया।

***जो फैसले आज लिये गये वो सारे के सारे किसानों के वेलफेयर से संबंधित है। आज सबसे बड़ा ये फैसला लिया गया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना उसके एलोकेशन को इनहेंस किया गया। 69550 करोड़ किया गया और ये जिस तरह का ये अनुभव आया है जिस तरह से इस स्कीम में यूटीलाइलजेशन जिस तरह रिस्पांस मिला, जैसे किसानों के जीवन में रियल परिवर्तन आया है। इस स्कीम से उसके कारण हम एलोकेशन को इनहेंन्स किया गया।***

केंद्रीय कैबिनेट के फैसलों पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ ही प्रदेश के किसानों ने प्रधानमंत्री का आभार जताया है। शामली के किसान सोनू मलिक ने किसानों के हित में लिए गए फैसले पर खुशी जताई है।

***सरकार की कैबिनेट मीटिंग हुई डीएपी पर जो सब्सिडी मिली किसानों को, बहुत लाभ का काम किया और जो फसल बीमा योजना चलाई सरकार ने इसमें भी किसानों को बहुत बढ़िया लाभ मिलेगा। इसमें किसानों को कोई नुकसान नहीं होगा।***

जौनपुर के किसान सुभाष यादव ने कहा कि सरकार के इस फैसले से किसानों को बहुत राहत मिलेगी।

**मोदी सरकार ने आज ये फैसला किया वह अच्छा है जो फसल बीमा के लिये काम किये वह अच्छा किये है। सब्सिडी यूरिया खाद के लिये वो लाभदायक अच्छी चीज है।**

इसके अलावा, इस योजना के कार्यान्वयन में बड़े पैमाने पर प्रौद्योगिकी के समावेश के लिए केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने बयासी हजार चार सौ सतहत्तर करोड़ रुपये की निधि के साथ नवाचार और प्रौद्योगिकी (एफआईएटी) के लिए फंड के निर्माण को भी मंजूरी दी है।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल राज्य सड़क सुरक्षा परिषद के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्यमंत्री ने महाकुंभ में बेहतर यातायात व्यवस्था के लिए पीआरडी और होमगार्डों की संख्या बढ़ाने को भी कहा। साथ ही परिवहन निगम की बसों के ड्राइवरों की नियमित स्वास्थ्य जांच कराने और बसों की फिटनेस का भी ध्यान रखने के निर्देश दिए। एक रिपोर्ट.....

***राज्य सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सड़कदुर्घटनाओं में हर वर्ष हो रही 23–25 हजार मौतें देश व राज्य की क्षति है। उन्होंने कहा कि छह से 10 जनवरी तक स्कूलों–कॉलेजों में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएं। उन्होंने अधिकारयों को 5 जनवरी तक सभी जनपदों में जनपदीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न कराने को भी कहा है। श्री योगी ने एक ही वाहन का बार–बार चालान होने पर लाइसेंस और परमिट निरस्त करने की बात भी कही। उन्होंने कहा कि इस कार्रवाई को फॉस्टैग से अनिवार्य रूप से जोड़ा जाए। आकाशवाणी समाचार कक्ष से तनवीर फातिमा।***

**********

केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के तहत प्रदेश के चंदौली और मानिकपुर के लिए दो सौ 72 करोड़ रुपये की परियोजना को स्वीकृति दी है। एनएमसीजी के महानिदेशक राजीव कुमार मित्तल की अध्यक्षता में हुई राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन की 59वीं कार्यकारी समिति की बैठक हुई। इस बैठक में गंगा नदी के संरक्षण और कायाकल्प के लिए समर्पित कई परियोजनाओं को मंजूरी दी गई।

**********

केन्द्र सरकार ने वन नेशन वन सब्सक्रिप्शन–ओ.एन.ओ.एस. योजना की शुरुआत की है। इस योजना का उद्देश्य विद्यार्थियों को सिंगल सब्सक्रिप्शन प्लेटफार्म के अंतर्गत शोधपत्रों, जरनल और शैक्षिक सामग्री सहित व्यापक डिजिटल ज्ञान संसाधनों तक निर्बाध पहुंच

उपलब्ध कराना है। इस योजना से विश्वविद्यालय और आई.आई.टी. सहित सरकारी सहायता प्राप्त उच्च शिक्षा संस्थानों के एक करोड 80 लाख विद्यार्थियों को दुनियाभर के शीर्ष जरनल में प्रकाशित शोध पत्रों को देखने की सुविधा मिलेगी।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वाराणसी के ग्रीन आर्मी संगठन की सराहना की है। एक सोशल मीडिया पोस्ट पर उन्होंने ग्रीन आर्मी के कार्यों को प्रेरणादायी बताया है। प्रधानमंत्री ने अपनी पोस्ट में कहा कि हमारा देश प्रतिभाओं का पावर हाउस है, जो नवाचार और साहस प्रदर्शित करने वाली असंख्य प्रेरक जीवन यात्राओं से भरपूर है। प्रधानमंत्री की इस सराहना से ग्रीन आर्मी की महिलाओं में काफी उत्साह है। ग्रीन आर्मी की एक सदस्य निर्मला ने बताया कि–

***ग्रीन आर्मी हम लोग नश मुक्ति अभियान चलाते है और नशा से हर एक प्राणी हर गांव हर एक जिले हम लोग का विचार हम लोग की चाहत है कि सब मुक्त हो जाये। प्रधानमंत्री से हमारी बातचीत हो जायेगा पत्र हम लोग लिखे। हम लोग के पत्र का जवाब दिये।***

**********

महाकुंभ में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए रेलवे ने त्रिकोंणीय सेवा शुरू करने का निर्णय लिया है। इसके तहत अयोध्या से बनारस और बनारस से प्रयागराज के लिये ट्रेनें चलाई जाएंगी। उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के प्रबंधक एस एम शर्मा ने बताया कि यह सेवा 10 जनवरी से शुरू हो जाएगी। श्री शर्मा ने बताया कि मौनी अमावस्या के अवसर पर 29 जनवरी के आसपास कई विशेष ट्रेन विभिन्न रेलवे जोन द्वारा चलाई जाएंगी।

***मौनी अमावस्या में करीब 29 तारीख के आसपास मैक्सिमम नवम्बर ऑफ स्पेशल ट्रेन चलेंगी। चाहे हम चला रहे, चाहे सेंट्रल रेलवे, चाहे नार्थ इस्ट रेलवे जो पहला स्नान है 13 तारीख को उससे पहले हम लोग एक ट्रायल कर लेंगे जे हमारी तैयारी है उसके बारे में हमको पता हो।***

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज गोरखपुर के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वह लगभग पन्द्रह सौ तैंतीस करोड़ रूपये की विकास योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे।

**********

प्रदेश में विद्युत बिलों में लगे सरचार्ज में छूट के लिए एक मुश्त समाधान योजना का दूसरा चरण कल से शुरू हो गया। यह चरण 15 जनवरी तक चलेगा। योजना के प्रथम चरण में 17 लाख 20 हजार 651 उपभोक्ताओं ने छूट का लाभ लिया, इससे एक हजार 372 दशमलव 9 करोड़ रूपये राजस्व की प्राप्ति हुई। योजना का तीसरा और अंतिम चरण 16 से 31 जनवरी तक चलाया जायेगा।

**********

नव वर्ष के पहले दिन कल प्रदेश का माहौल उत्सवी रहा। लगभग सभी जिलों में लोगों ने प्रमुख स्थानों पर पहुंच कर नये वर्ष के स्वागत में विविध आयोजन किये। आगरा में बड़ी संख्या में देशी–विदेशी पर्यटक पहुंचे। उन्होंने ताजमहल का दीदार किया। भगवान बुद्ध की महापरिनिर्वाण स्थली कुशीनगर में जापान, कनाडा, थाईलैंड, म्यांमार, श्रीलंका सहित अनेक देशों के विदेशी पर्यटक पहुंचे। उधर, वर्ष के पहले दिन कल मथुरा में ठाकुर बांके बिहारी मंदिर, वाराणसी के काशी विश्वनाथ मंदिर और गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ दर्शन–पूजन के लिये उमड़ी। वहीं रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहले नव वर्ष पर अयोध्या में भी लाखों श्रद्धालु पहुंचे।

**********

प्रयागराज के यमुनापार क्षेत्र में कल शाम मेजा के पास एक कार अनियंत्रित होकर एक मकान से टकरा गयी। कार के पलट जाने से उसमें सवार तीन लोगों की मौत हो गयी। दुर्घटना में दो लोग घायल भी हुए हैं, जिन्हें इलाज के लिये अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**********

प्रदेश के लगभग सभी जिलों में शीतलहर की शुरूआत हो गयी है। पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी के चलते लगभग सभी जिलों के तापमान में तेजी से गिरावट दर्ज की गयी है। पूर्वी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में कोहरा बढ़ने की वजह से आवागमन प्रभावित हुआ है। ठंड बढ़ने के कारण कई जिलों में स्कूलों में शीतकालीन अवकाश घोषित कर दिया गया है। सम्भल जिले में बेसिक शिक्षा परिषद के अन्तर्गत संचालित कक्षा एक से आठ तक के विद्यालय चौदह जनवरी तक के लिये बन्द कर दिये गये हैं।

**********